आईआईएम में एमबीए का नया पाठ्यक्रम शुरू होगा

अवसर

रांची | प्रमुख संवाददाता

भारतीय प्रबंध सस्थान (आईआईएम), रांची अपने अगले शैक्षणिक सत्र जून 2021 से बिजनेस एनालिटिक्स में दो वर्षीय एमबीए पाठ्यक्रम की शुरुआत करने जा रहा है।

एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स दो साल का पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम है, जो छात्रों को एनालिटिक्स के गहन और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करेगा। पाठ्यक्रम में डाटा विज्ञान, सांख्यिकीय मॉडलिंग, डाटा माइनिंग तकनीक, बिग डेटा, विजुअलाइजेशन, मशीन लर्निंग, अनस्ट्रक्चर्ड डाटा के साथ एनालिटिक्स, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और सोशल मीडिया एनालिटिक्स शामिल हैं। इस पाठ्यक्रम में वास्तविक जीवन की व्यावसायिक समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक विश्लेषणात्मक मॉडल और मॉडल विकास तकनीकों पर विशेष जोर होगा।

Hindustan, 14.10.2020, Pg. 06